## अचानक बदले मौसम ने मचायी तबाही, सेजवाड़ा गांव का है मामला

# आकाशीय बिजली का कहरः मां-बेटी झुलसीं मवेशियों की मौत से गांव में दहशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा



छिंदवाड़ा जिले में अचानक बदले मौसम ने लोगों को जहां एक ओर गर्मी से राहत दी, वहीं दूसरी ओर आकाशीय बिजली ने कहर बरपा दिया। जिले के सेजवाड़ा गांव में बुधवार शाम तेज गरज-चमक के बीच गिरी बिजली ने एक ही परिवार की मां-बेटी को गंभीर रूप से झुलसा दिया, जिससे पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

घर के पास गिरी बिजली, दोनों गंभीर रूप से घायलप्राप्त जानकारी के अनुसार सेजवाड़ा निवासी 55 वर्षीय पुनियाबाई पति बृजलाल परतेती और उनकी 21 वर्षीय बेटी शोभा घर के पास काम कर रही थीं। इसी दौरान अचानक आकाशीय बिजली गिरने से जोरदार धमाका हुआ और दोनों उसकी चपेट में आ गईं। हादसे में मां-बेटी बुरी तरह झुलस गईं।परिजनों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों को तत्काल अमरवाड़ा अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर किया गया। वर्तमान में दोनों का इलाज जारी है। इस घटना में केवल इंसान ही नहीं, बल्कि मवेशी भी आकाशीय बिजली की चपेट में आ गए। दो मवेशियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य दो गंभीर रूप से झुलस गए हैं। इससे ग्रामीणों को आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ा है।

### एक और युवती घायल

इसी क्रम में पौनार क्षेत्र में गुरुवार दोपहर आकाशीय बिजली गिरने से 17 वर्षीय रूपा पिता अशोक कहार भी घायल हो गई। उसे भी जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। लगातार हो रही घटनाओं से लोगों में भय का माहौल बना हुआ है।

### प्रशासन मौके पर, मुआवजा प्रक्रिया शुरू

घटना की सूचना मिलते ही पटवारी ब्रजेश भलावी और कोटवार मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। प्रशासन द्वारा मुआवजा प्रकरण तैयार किया जा रहा है, ताकि पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता मिल सके।

### बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि का अलर्ट

पिछले 24 घंटों में जिले के कई क्षेत्रों में बेमौसम बारिश और हल्की ओलावृष्टि दर्ज की गई है। परासिया क्षेत्र में बुधवार शाम करीब एक घंटे तक झमाझम बारिश हुई, जबकि गुरुवार को भी बादलों की आवाजाही बनी रही। तापमान में गिरावट दर्ज की गई है, जिससे गर्मी से राहत मिली है।

### आगे भी खराब मौसम की संभावना

मौसम विशेषज्ञ डॉ. संत कुमार शर्मा के अनुसार शुक्रवार को अमरवाड़ा और चौरई क्षेत्र में बारिश के साथ ओलावृष्टि की संभावना बनी हुई है। ऐसे में किसानों की चिंता बढ़ गई है, क्योंकि खेतों और खलिहानों में रखी फसलें खराब होने का खतरा मंडरा रहा है।यह घटनाएं एक बार फिर चेतावनी देती हैं कि बदलते मौसम के बीच सतर्कता बेहद जरूरी है, ताकि जनहानि और नुकसान को कम किया जा सके।

## नपा अध्यक्ष, सीएमओ और पार्षद ने किया निर्माण कार्य का निरीक्षण



**जुन्नारदेव।** नगर के वार्ड क्रमांक 11 में रिटर्निंग वॉल का निर्माण कार्य प्रगति पर है जिसका निरीक्षण करने शुक्रवार को नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे, सीएमओ नेहा धुर्वे, वार्ड क्रमांक 11 के पार्षद सभापति संजय जैन ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर ठेकेदार को सख्त निर्देश दिए गए। गुणवत्ता एवं मापदंड के आधार पर निर्माण कार्य करने के निर्देश दिए। वार्ड में हो रही रिटर्निंग बाल के निर्माण की प्रतीक्षा वार्ड वासियों द्वारा वर्षों से की जा रही थी। वार्ड वासियों की मांग को दृष्टिगत रखते हुए नगर पालिका परिषद के द्वारा यह निर्माण कार्य किया जा रहा है। उक्त निर्माण कार्य के होने पर वार्ड वासियों को बारिश के दौरान आ रही समस्याओं से छुटकारा मिलेगा। वार्ड वासियों ने किए जा रहा है निर्माण पर संतोष व्यक्त करते हुए नगर पालिका परिषद के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## जुन्नारदेव पुलिस को मिली दूसरी बड़ी सफलता, अपहृत नाबालिग बालिका सकुशल बरामद

**जुन्नारदेव।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार प्रदेश भर में चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत जुन्नारदेव पुलिस ने सराहनीय कार्य करते हुए एक सप्ताह के भीतर दूसरी बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने गुमशुदा नाबालिग बालिका को सफलतापूर्वक दस्तयाब कर उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। जुन्नारदेव विकासखंड अंतर्गत ग्राम चटुआ नवेगांव निवासी 17 वर्षीय नाबालिग बालिका रुक्मणी आरसे बीते 25 मार्च 2026 को बिना बताए घर से कहीं चली गई थी। काफी खोजबीन के बाद जब बालिका का पता नहीं चला, तो उसकी माँ ने 26 मार्च को थाना जुन्नारदेव में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए अपराध क्रमांक 109/26 धारा 137(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर तलाश शुरू की।थाना प्रभारी निरीक्षक जे. मसराम के नेतृत्व में गठित टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिरों की मदद से बालिका का पता लगाया। कड़े प्रयासों के बाद कल, 2 अप्रैल 2026 को बालिका को सकुशल बरामद कर लिया गया और कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे उसकी माँ के सुपुर्द कर दिया गया। अपनी बेटी को पाकर परिवार की खुशियां लौट आईं। उल्लेखनीय है कि जुन्नारदेव पुलिस ने इससे पहले 1 अप्रैल 2026 को भी अपराध क्रमांक 102/26 के तहत एक अन्य नाबालिग बालिका को खोज निकाला था। लगातार दो दिनों में दो बालिकाओं की बरामदगी से क्षेत्र में पुलिस की कार्यप्रणाली की प्रशंसा हो रही है। इस सफल अभियान में जुन्नारदेव थाना प्रभारी निरीक्षक जे. मसराम, उप निरीक्षक मनोज चौधरी, उप निरीक्षक पूनम उइके और महिला प्रधान आरक्षक (134) प्रेमलता धुर्वे का विशेष योगदान रहा।

## सहायक शिक्षिका वृंदा को दी भावभीनी विदाई

**बिछुआ।** विकासखण्ड के बड़ोसा संकुल की प्राथमिक शाला में कार्यरत सहायक शिक्षिका श्रीमती वृन्दाताई ठाकरे को ने सेवानिवृत होने पर विदाई दी गई। सेवानिवृत शिक्षिका के सम्मान में भावपूर्ण विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बड़ोसा संकुल केंद्र प्रभारी एवं प्राचार्य के.के.पाटिल, मुख्य अतिथि बिछुआ बीईओ लक्ष्मीकांत मिश्रा, विशेष अतिथि के रूप में भूतपूर्व सरपंच एवं परियोजना अध्यक्ष कोठीराम धुर्वे, भीमालगोंदी हाईस्कूल के प्राचार्य रमेश मसराम, लोहांगी हाईस्कूल प्राचार्य प्रकाश बॉम्बल आदि उपस्थित थे। इसके अलावा पूर्व सेवानिवृत वरिष्ठ शिक्षक गोपाल कामोंने पूर्व अध्यक्ष तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ बिछुआ, तुकाराम भक्ते, युवराज हिंगवे , मेघराज भानगे, अरुण ठाकरे, ढोक सर, विट्ठल शेंडे, ब्रम्हे सर, खेमराज श्रीबंधु की गरिमामय उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुवात विधिवत मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण व पूजन के साथ हुआ। प्राथमिक शाला की छात्राओं ने स्वागत गीत की प्रस्तुति दी। सेवानिवृत श्रीमती वृंदा ठाकरे ने अपने सेवाकाल के 37 वर्षों तक बड़ोसा प्राथमिक शाला में ही निरंतर सेवाएं प्रदान की। विभिन्न शालाओं से पहुंचे शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के द्वारा उनका शाल, श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ से सम्मान किया। शिक्षक अरुण ठाकरे एवं युवराज हिंगवे ने उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।बीईओ लक्ष्मीकांत मिश्रा एवं प्राचार्य केके पाटिल ने कहा की श्रीमती वृन्दा ठाकरे के द्वारा शैक्षणिक कार्यों के साथ-साथ संकुल में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम, गतिविधियों में सहभागिता दी। उनके सरल स्वभाव तथा सेवाकाल में किए गए शैक्षणिक कार्य की प्रशंसा की और उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी कार्यक्रम का सफल संचालन सेवानिवृत शिक्षक धनराज नराजे एवं रविन्द्र कुमार चौधरी ने किया। कार्यक्रम में प्रशांत ठोसरे, हरिश्चंद जाभूलकर,सरपंच राजेंद्र परतेती, मनोज साबारे,सुरेंद्र कुमार भानगे, ललित वाट,जनशिक्षक मनोज बालपांडे, अधीक्षक नीलेश ठाकरे समेत परिजन उपस्थित थे।

## आज से लगेगा तीन दिवसीय पुस्तक मेला

### एमएलबी स्कूल में 11 बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक मिलेगी किताबें और ड्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

छिंदवाड़ा में विद्यार्थियों और अभिभावकों को राहत देने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने पुस्तक एवं स्टेशनरी विक्रय में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।

कलेक्टर हरेंद्र नारायण के निर्देशन में जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा पीएमश्री शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में निजी स्कूलों के प्राचार्यों और संचालकों की बैठक आयोजित की गई।बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए गए कि किसी भी विद्यार्थी को पूरा पुस्तक सेट खरीदने के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा।




यदि छात्र के पास पूर्व की पुस्तकें उपलब्ध हैं, तो उसे केवल आवश्यक पुस्तकें ही दी जाएंगी। साथ ही, पुस्तक विक्रेता अभिभावकों को कॉपी, कवर, पेंसिल बॉक्स या अन्य सामग्री खरीदने के लिए मजबूर नहीं कर सकेंगे। नोटबुक पर मूल्य, पृष्ठ संख्या और अन्य विवरण अंकित करना अनिवार्य होगा।

जिला शिक्षा अधिकारी ने यह भी निर्देशित किया कि पुस्तकों पर ISBN नंबर होना जरूरी है और कॉपियों या कवर पर विद्यालय का नाम अंकित नहीं किया जाएगा। नियमों के पालन के लिए निरीक्षण दल गठित किया गया है, जो समय-समय पर जांच करेगा। उल्लंघन की स्थिति में सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।इसी पहल के तहत 4 से 6 अप्रैल 2026 तक प्रतिदिन सुबह 11 बजे से शाम 5:30 बजे तक जिला स्तरीय पुस्तक मेले का आयोजन किया जाएगा।

मेले में "बुक बैंक" भी बनाया जाएगा, जहां विद्यार्थी पुरानी पुस्तकें दान कर सकेंगे। अब तक 35 विक्रेताओं ने पंजीयन कराया है।प्रशासन ने सभी से अपील की है कि नियमों का पालन कर विद्यार्थियों के हित में सहयोग करें।

## जादू-टोना के शक में बुजुर्ग की हत्या, 24 घंटे में आरोपी गिरफ्तार

### अमरवाड़ा पुलिस की त्वरित कार्रवाई, आरोपी सलाखों के पीछे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

अमरवाड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम रानीकामत में जादू-टोना के शक में एक बुजुर्ग की निर्मम हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए 24 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है।

### मारपीट के बाद अस्पताल में हुई मौत

पुलिस के अनुसार 2 अप्रैल 2026 की शाम करीब 5 बजे डायल 112 पर सूचना मिली कि ग्राम रानीकामत में मारपीट हो रही है। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल हरिराम उड़के (62) को तत्काल शासकीय अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### जादू-टोना के शक में किया हमला

मृतक की बेटी मनीषा इरपाची की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया। उसने बताया कि आरोपी दिनेश इनवाती को पिछले दो वर्षों से यह शक था कि हरिराम उड़के उसके बच्चे पर जादू-टोना करते थे। इसी संदेह के चलते 2 अप्रैल की शाम आरोपी ने हरिराम को जमीन पर पटककर डंडे से बेरहमी से पीटा, जिससे उनकी मौत हो गई।

### पुलिस ने ऐसे सुलझाया मामला

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अजय पांडेय और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशीष खरे के निर्देशन में जांच शुरू की गई। एसडीओपी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी ने विशेष टीम गठित कर आरोपी की तलाश शुरू की। मुखबिर तंत्र की मदद से आरोपी दिनेश इनवाती (27) को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त डंडा और कपड़े भी जब्त किए गए हैं।

### गंभीर धाराओं में मामला दर्ज

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 132/26 के तहत धारा 103(1) भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस टीम की सराहनीय भूमिकाइस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक राजेन्द्र धुर्वे सहित पुलिस टीम के अन्य अधिकारियों और जवानों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर लोगों का भरोसा मजबूत हुआ है।



## आंगनवाड़ी में लापरवाही, बच्चों की सुविधा प्रभावित

**छिंदवाड़ा। लोहांगी** क्षेत्र में आंगनवाड़ी संचालन में लापरवाही की शिकायत सामने आई है। जानकारी के अनुसार कार्यकर्ता सरोज नगलकार केंद्र को नियमित रूप से संचालित नहीं करतीं और काम सहायिका के भरोसे छोड़ देती हैं। सहायिका ने बताया कि वह सुबह 8 से 10 बजे तक केंद्र चलाती है, जबकि कार्यकर्ता कभी-कभी ही दोपहर में आती हैं। कई दिनों से यही स्थिति बनी हुई है और बच्चों को समय से पहले ही छुट्टी दे दी जाती है। ग्रामीणों का आरोप है कि कागजों में सब ठीक दिखाया जाता है, लेकिन हकीकत में बच्चों को योजनाओं का पूरा लाभ नहीं मिल रहा।



## झामटा में आयोजित हुआ विशाल भंडारा, हजारों श्रद्धालु ग्रहण की महाप्रसादी



**बिछुआ।** विकासखंड मुख्यालय बिछुआ से 2 किलोमीटर दूर स्थित झामटा में आयोजित श्रीमद् भागवत का शुक्रवार को समापन किया गया। श्री हनुमान मंदिर सेवा समिति झामटा के तत्वावधान में हनुमान जयंती पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में राम दरबार की चलित झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। डीजे की धुन पर श्रद्धालु भक्त जमकर थिरकते हुए नजर आए। शोभायात्रा जगह-जगह स्वागत किया गया। विशेष रूप से शिव मंदिर बड़ चौक में जेसीबी से पुष्पा वर्षा की गई। ग्राम झामटा के मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने महाप्रसादी ग्रहण की। भंडारा कार्यक्रम को सफल बनाने में मंदिर समिति के सदस्यों एवं ग्रामवासी का विशेष सहयोग रहा।

## छातेआम में आंगनवाड़ी निर्माण में गड़बड़ीः कागजों में पूर्ण, जमीन पर खंडहर

### जुन्नारदेव क्षेत्र के आदिवासी गांव का मामला, ग्रामीणों ने उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

जुन्नारदेव जनपद के सांगा खेड़ा क्लस्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत आल्मोद के ग्राम छातेआम में आंगनवाड़ी भवन निर्माण को लेकर गंभीर अनियमितताओं का मामला सामने आया है। आदिवासी बच्चों के पोषण, शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए बनाई जाने वाली इस महत्वपूर्ण योजना में कथित भ्रष्टाचार और लापरवाही ने शासन की मंशा पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### पांच साल बाद भी अधूरा निर्माण

जानकारी के अनुसार लगभग पांच वर्ष पूर्व इस गांव में आंगनवाड़ी भवन स्वीकृत किया गया था। निर्माण की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत को दी गई थी, जिसमें बच्चों की सुरक्षा के लिए बाउंड्री वाल भी बनाया जाना था। लेकिन वर्तमान में केवल अधूरा और जर्जर ढांचा खड़ा है, जबकि बाउंड्री वाल के नाम पर सिर्फ गड्ढे ही दिखाई देते हैं।



### रिकॉर्ड में पूर्ण, हकीकत में अधूरा

सबसे हैरानी की बात यह है कि दस्तावेजों में इस निर्माण कार्य को पूर्ण दिखाया गया है। वर्तमान सचिव का कहना है कि यह कार्य उनके कार्यकाल का नहीं है, लेकिन रिकॉर्ड में इसे पूरा बताया गया है। इससे साफ संकेत मिलता है कि बिना काम पूरा किए ही भुगतान कर दिया गया।

### बच्चों को नहीं मिल रही सुविधाएं

आंगनवाड़ी का उद्देश्य 6 वर्ष तक के बच्चों को पोषण आहार और प्रारंभिक शिक्षा देना है, लेकिन भवन अधूरा होने के कारण बच्चे इन सुविधाओं से वंचित हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि निरीक्षण के समय बच्चों को इसी अधूरे भवन में बैठाकर अधिकारियों को गुमराह किया जाता है।

### मजदूरों को नहीं मिला भुगतान

निर्माण कार्य में लगे मजदूरों ने भी आरोप लगाया है कि उन्हें आज तक मजदूरी नहीं मिली। उनका कहना है कि भुगतान खातों में दिखाया गया, लेकिन वास्तव में उन्हें कोई राशि प्राप्त नहीं हुई। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि निर्माण कार्य किसी बाहरी ठेकेदार द्वारा कराया गया।

### जांच और कार्रवाई की मांग

ग्रामीणों ने इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यदि निर्माण, मूल्यांकन और भुगतान की जांच की जाए, तो बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आ सकता है।अब देखना यह है कि प्रशासन इस गंभीर मामले में क्या कदम उठाता है और क्या आदिवासी बच्चों के अधिकारों के साथ हुए इस खिलवाड़ पर दोषियों को सजा मिल पाती है या नहीं।

## जल समस्याओं को लेकर महापौर ने किया वाटर प्लांटों का निरीक्षण

**छिंदवाड़ा।** शहर में जल संबंधी समस्याओं और मिल रही शिकायतों के मद्देनजर महापौर विक्रम अहके ने नगर निगम क्षेत्र में संचालित विभिन्न वाटर प्लांटों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जम्होड़ी पांडा स्थित इंटेक वेल, अजनिया के रॉ वॉटर पंप हाउस, भरतादेव इंटेक वेल एवं डब्ल्यूटीपी (वाटर ट्रीटमेंट प्लांट) भरतादेव का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान महापौर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वाटर प्लांटों में आ रही तकनीकी समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि नागरिकों को निर्बाध जल आपूर्ति मिल सके। महापौर ने आमजन को आश्वस्त करते हुए कहा कि जल संबंधी सभी समस्याओं का निराकरण एक से दो दिनों के भीतर कर दिया जाएगा। जहां आवश्यकता होगी, वहां टैंकरों के माध्यम से पानी की आपूर्ति लगातार जारी रखी जाएगी। इस अवसर पर नगर निगम के सहायक यंत्री विवेक चौहान, जल सभापति अरुणा मनोज कुशवाह, मनोज सक्सेना, इंजीनियर रोहित सूर्यवंशी, अभिनव तिवारी सहित नगर निगम का अमला उपस्थित रहा।




### ग्रामीणों ने प्रशासन से की शिकायत, जुन्नारदेव क्षेत्र में बच्चों के पोषण से खिलवाड़ का आरोप

## पिपरिया गनू में मध्यान्ह भोजन योजना में भारी अनियमितता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

जुन्नारदेव विकासखंड के अंतर्गत आने वाले पिपरिया गनू गांव में मध्यान्ह भोजन योजना और आंगनवाड़ी व्यवस्था में गंभीर लापरवाही का मामला सामने आया है। गांव के रहवासियों ने स्व-सहायता समूह पर बच्चों को निर्धारित मानकों के अनुरूप भोजन न देने और योजनाओं में अनियमितता बरतने का आरोप लगाया है।

इस संबंध में एसडीएम और बीआरसी को लिखित शिकायत सौंपकर जांच और सख्त कार्रवाई की मांग की गई है। ग्रामीणों के अनुसार गांव की आंगनवाड़ी में पिछले करीब दस महीनों से बच्चों को सुबह का नाश्ता नहीं दिया जा रहा है। जबकि शासन द्वारा बच्चों के पोषण को ध्यान में रखते हुए नियमित नाश्ता और भोजन की व्यवस्था अनिवार्य की गई है। इस लापरवाही से छोटे बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका जताई जा रही है। प्राथमिक शाला में भी स्थिति संतोषजनक नहीं है। शिकायत के मुताबिक बच्चों को निर्धारित मेन्यू के अनुसार भोजन नहीं दिया जा रहा है। रोजाना आलू की सब्जी और रोटी परोसी जा रही है, जबकि शासन द्वारा तय विविध आहार सूची का पालन नहीं हो रहा। जब इस संबंध में रसोइया से जानकारी ली गई, तो उसने स्पष्ट किया कि स्व-सहायता समूह द्वारा जो सामग्री उपलब्ध कराई जाती है, वही भोजन तैयार किया जाता है।




### निरीक्षण में उजागर हुई अनियमितताएं

ग्रामीणों द्वारा किए गए निरीक्षण में कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। सोमवार को निर्धारित मेन्यू—रोटी, तुअर दाल, काबुली चना एवं टमाटर की सब्जी—के स्थान पर केवल दाल-रोटी बनाई गई थी। इससे पहले लगातार दो दिनों तक स्कूल में मध्यान्ह भोजन तैयार ही नहीं किया गया। यह स्थिति बच्चों के अधिकारों के साथ सीधा खिलवाड़ मानी जा रही है। संसाधनों की कमी का दिया गया तर्कमामले में स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष ने सफाई देते हुए बताया कि गैस और लकड़ी की कमी के कारण भोजन बनाने में परेशानी आई। वहीं माध्यमिक शाला में भी निर्धारित भोजन के बजाय छात्रों को खिचड़ी परोसने की बात सामने आई है। हालांकि ग्रामीण इस तर्क को अपर्याप्त बताते हुए इसे गंभीर लापरवाही मान रहे हैं।

### प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग

ग्रामीणों ने ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की अनियमितता न हो। उनका कहना है कि मध्यान्ह भोजन योजना बच्चों के पोषण और शिक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण योजना है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जानी चाहिए। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने जताया विरोधइस शिकायत पत्र पर गांव के कई नागरिकों ने हस्ताक्षर कर अपना विरोध दर्ज कराया है। इनमें बारेलाल आहके (पंच), सहदू धुर्वे, झाउलाल धुर्वे, कन्हैया धुर्वे, सुमरसिंह आहके, सतीश पन्द्राम, गोपाल आहके, रूपलाल धुर्वे, श्रीराम नागवंशी, शिवराज धुर्वे, उमेश यदुवंशी, जगदीश आहके, अनीता उइके, रूपेश पन्द्राम, केशुराम विश्वकर्मा, रामदयाल आहके, रोहित यदुवंशी, लक्ष्मण उइके सहित अन्य ग्रामीण शामिल हैं।यह मामला प्रशासनिक निगरानी और योजनाओं के क्रियान्वयन पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है, जिस पर त्वरित और प्रभावी कार्रवाई की आवश्यकता है।

**कार्यालय नगर पालिक निगम छिन्दवाड़ा (म.प्र.)**
क्रमांक / 55 / रा.श / रा.शा./न.पा.नि./2026
छिन्दवाड़ा, दिनाँक 2/4/26

**:- आम-सूचना आपत्ति-इश्तेहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि नगर पालिक निगम स्वामित्व की गीतांजली आवास कॉलोनी ई.डब्ल्यू.एस. भवन क्रमांक 27, क्षेत्रफल 400 वर्गफीट, में आवेदक श्री पंकज अहेरवार पिता श्री महेश अहिरवार द्वारा नामान्तरण हेतु आवेदन-पत्र, पंजीकृत बैनाम दिनाँक 30.06.2025 प्रस्तुत किया है। उक्त भवन वर्तमान में श्री महेश अहिरवार पिता श्री सुखदयाल अहिरवार के नाम पर आवंटित है। जो आवेदक को पंजीकृत बैनामा दिनाँक 30.06.2025 के द्वारा प्राप्त हुआ है। जिसमें आवेदक अपना नाम दर्ज करवाना चाहता है। उक्त भवन की चतुर्थ सीमा निम्नानुसार है:- उत्तर में कॉलोनी का रास्ता, दक्षिण में-ई.डब्ल्यू.एस. भवन क्रमांक 03, पूर्व में ई.डब्ल्यू.एस. भवन क्रमांक 28 एवं पश्चिम में ई.डब्ल्यू.एस. भवन क्रमांक 26 स्थित है। प्रस्तुत आवेदन-पत्र, पंजीकृत बैनामा एवं निकाय द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र के आधार पर उक्त भवन का नामान्तरण आवेदक श्री पंकज अहेरवार पिता श्री महेश अहिरवार के नाम पर किये जाने में यदि किसी व्यक्ति अथवा कोई हितबद्ध पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो वह इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर मय दस्तावेजों सहित कार्यालय नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर लिखित में अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि बाद किसी भी दावा-आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**आयुक्त नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा**

## जुन्नारदेव के हनुमान मंदिरों में सुबह से मंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब

# हनुमान जयंती का उल्लासः मंदिरों में पूजन, भक्ति और भव्य भंडारे का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

जुन्नारदेव नगर में हनुमान जयंती के पावन अवसर पर भक्तिभाव का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। सुबह से ही नगर के विभिन्न हनुमान मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। संकट मोचन हनुमान मंदिर में हजारों की संख्या में भक्त पूजन-अर्चन के लिए पहुंचे, जहां परसाई महाराज द्वारा विधि-विधान से पूजा संपन्न कराई गई। भक्तों ने पूरे श्रद्धा भाव से भगवान हनुमान की आराधना की और सुख-समृद्धि की कामना की।

विभिन्न मंदिरों में धार्मिक आयोजन और पाठनगर के सुकरी हनुमान मंदिर में भी विशेष पूजा-अर्चना के साथ श्रीराम नाम जप और पाठ का आयोजन किया गया, जिसे पंडित विनय महाराज ने संपन्न कराया। वहीं कॉलेज टेकड़ी स्थित हनुमान मंदिर में विद्यार्थियों द्वारा सुंदरकांड पाठ किया गया। इस आयोजन में युवाओं की सक्रिय भागीदारी ने धार्मिक माहौल को और अधिक ऊर्जावान बना दिया। पंडित पवन परसाई द्वारा यहां विधिवत पूजन के बाद हनुमान



चालीसा और आरती का आयोजन किया गया। भंडारे में प्रसाद वितरण, सेवा भाव चरम परपूजन-अर्चन के उपरांत नगर के सभी प्रमुख मंदिरों में भंडारे का आयोजन किया गया।

भक्तों को हलवा, पूरी और फलाहारी प्रसाद वितरित किया गया। कॉलेज टेकड़ी मंदिर में आयोजित भंडारे में महाविद्यालय के स्टाफ और विद्यार्थियों ने मिलकर सेवा की और प्रसाद ग्रहण किया। पूरे नगर में सेवा और समर्पण का भाव स्पष्ट रूप से दिखाई दिया।

### भव्य शोभायात्रा ने बढ़ाया उत्साह

रात्रि में संकट मोचन हनुमान मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसने पूरे नगर को भक्तिमय कर दिया। शोभायात्रा में आकर्षक झांकियां, ढोल-नगाड़ों की गूंज और "जय श्रीराम" व "जय हनुमान" के जयकारों ने वातावरण को ऊर्जा से भर दिया। यह यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए विभिन्न चौक-चौराहों पर पहुंची, जहां नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने इसका भव्य स्वागत किया।

### जगह-जगह स्वागत, फूलों की वर्षा और आरती

शोभायात्रा के दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं ने फूलों की वर्षा कर स्वागत किया। कई स्थानों पर भगवान की आरती उतारी गई और भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। गर्मी को ध्यान में रखते हुए जगह-जगह ठंडे पानी और शरबत की व्यवस्था भी की गई, जिससे सेवा भावना और अधिक प्रबल रूप में सामने आई। मंदिर परिसर में समापन और विशाल भंडारादेर रात तक नगर भ्रमण के बाद शोभायात्रा का समापन पुनः संकट मोचन हनुमान मंदिर में हुआ। इसके पश्चात मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

## एड अजय धवले पुनः बने भाजपा प्रदेश प्रवक्ता;सौसर सहित जिले भर में हर्ष की लहर

सौंसर। भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश के शीर्ष नेतृत्व ने संगठन के प्रति अटूट निष्ठा और प्रखर वक्तृत्व कौशल के धनी एड अजय धवले पर एक बार फिर भरोसा जताया है। प्रदेश नेतृत्व द्वारा उन्हें पुनः 'प्रदेश प्रवक्ता' नियुक्त किया गया है। इस घोषणा के बाद से ही भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में भारी उत्साह देखा जा रहा है।एड अजय धवले की नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप मोहोड ने बधाई दी। श्री मोहोड ने कहा कि एड अजय धवले का अनुभव और उनकी वैचारिक स्पष्टता पार्टी के पक्ष को मीडिया और जनता के बीच मजबूती से रखने में सहायक सिद्ध होगी। नेतृत्व के विश्वास का प्रतीक पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का मानना है कि श्री धवले की कार्यक्षमता और मीडिया के माध्यम से जनता तक पार्टी की जनहितकारी नीतियों को सटीक ढंग से पहुँचाने की कला बेमिसाल है। उनकी यह पुनर्नियुक्ति उनके विगत कार्यकाल के सफल अनुभव और सांगठनिक समर्पण का ही परिणाम है। लंबे समय से जमीनी स्तर पर संगठन की विचारधारा से जुड़े रहने के कारण एड अजय धवले का कार्यकर्ताओं के साथ सहज समन्वय रहा है। उनकी नियुक्ति पर क्षेत्र के पार्टी पदाधिकारियों, साथ ही विभिन्न सामाजिक सांस्कृतिक राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े हुए शुभचिंतकों ने उन्हें हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं। चर्चा के दौरान प्रदेश भाजपा प्रवक्ता के पद पर पुनर्नियुक्ति होने पर एड अजय धवले सभी वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त किया है। साथ ही भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों विचारधारा को अंतिम छोर के हर व्यक्ति तक पहुंचाने का विश्वास दिलाया है।



# गनी दरबार उर्स में उमड़ा जन सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

न्यूटन हजरत गनी के 20 वें सालाना उर्स बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। उर्स में लोगों का सैलाब उमड़ पड़ा।शाही संदल शहर का गश्त करता हुआ हजरत गनी दरबार पहुंचा। हजरत को चाहने वाले सभी धर्म और समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। उर्स में एक ओर जहां हजरत गनी की मजार पर रात भर अक़ीदतमंद चादरें और शिरनी पेश करते रहे, वहीं दूसरी ओर राजस्थान से आए कव्वाल दिलशाद - इरशाद साबरी ने देर रात तक समा बांधा।

उनकी मुख्य कव्वाली ₹बहती है यह प्रेम की गंगा बहने दो, क्यों करते हो देश में रहने दो लाल हरे रंगों में, हमको मत बांटो ऊपर एक तिरंगा रहने दो ₹₹मेरे तकदीर में मलिक मेरी पहचान लिख देना, मेरे मन के हर हिस्से में हिंदुस्तान लिख देना ₹ के अलावा ₹ताज वाले ताज वाले ₹



कव्वाली श्रोताओं में खूब आनंद उठाया। देर रात तक गनी दरबार में लंगर चलता रहा। आयोजक जमील खान एवं समिति के सदस्यों ने सभी अतिथियों का बैच लगाकर एवं साफा बांधकर स्वागत किया। विधायक सोहन बाल्मिक ने अपने उद्बोधन में कौमी एकता और कमेटी के आयोजन की सराहना करते हुए कहा, कि जमील खान हमेशा कौमी एकता के लिए कार्य करते रहते हैं। सभी धर्म और समाज के लोगों को हमेशा एक साथ लेकर कार्यक्रम आयोजित करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि हनुमान जयंती के अवसर पर भी जमील खान और उर्स कमेटी के लोगों ने आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में बढ़ - चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अनुपमा हेमंत राय, गोविंद बाजोलिया, शरीफ खान, अबरार रिजवी, ममनून अली, हबीब ताज, हरी वर्मा, कमल राय, असलम खान, जनपद सभापति कृपाल शाह, हातम खान, शाहिद खान, विजय चंदेल, नरेंद्र धुर्वे, रेहान खान सहित हजारों की संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

## तिलक लगाकर पुस्तकें वितरित कर किया गया छात्रों का स्वागत

जुन्नारदेव। प्रदेश में विद्यार्थियों का शिक्षा के प्रति रूझान बढ़ाने को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा सार्थक पहल की जा रही है इसी कड़ी में 1 अप्रैल से विभिन्न स्कूलों में प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम जारी है गुरुवार 2 अप्रैल को जुन्नारदेव विकासखंड अंतर्गत एकीकृत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हनोतिया में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम संपन्न हुआ कार्यक्रम के दौरान जनपद पंचायत जुन्नारदेव के उपाध्यक्ष पदेन स्थाई शिक्षा समिति जुन्नारदेव के अध्यक्ष गोवर्धन यदुवंशी, तथा ग्राम पंचायत हनोतिया के सरपंच, पालकों, संस्था प्राचार्य एल एन धुर्वे एवं शाला के समस्त स्टाफ की उपस्थिति में छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर निशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण कर अगली कक्षा में प्रवेश देकर उत्सव मनाया गया।

## जिला कांग्रेस एससी विभाग अध्यक्ष बने डॉ सोमकुंवर

सौंसर। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार संगठन में नई नियुक्तियाँ की गई हैं। इसी कड़ी में श्री डॉ राजेश सोमकुंवर को पांढुरना जिला कांग्रेस अनुसूचित जाति एससी विभाग का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी इस नियुक्ति पर क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों में हर्ष की लहर है।डॉ राजेश सोमकुंवर की नियुक्ति पर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं पूर्व सांसद नकुलनाथ का विशेष मार्गदर्शन व आशीर्वाद रहा है। पार्टी नेतृत्व ने श्री सोमकुंवर की सक्रियता और समाज के प्रति उनके समर्पण को देखते हुए यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। नई जिम्मेदारी मिलने पर डॉ राजेश सोमकुंवर को प्रदेश और जिला स्तर के वरिष्ठ नेताओं के साथी ही समाज बंधु और क्षेत्र वासियों की ओर से शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं।



## हनुमान जन्मोत्सव पर जायसवाल समाज ने बांटी ठंडक




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर जायसवाल समाज संगठन द्वारा सेवा और समर्पण की अनूठी मिसाल पेश की गई। गुरुवार को बजाज ग्राम सांवली स्थित में हनुमान भक्तों और राहगीरों के लिए शीतल छाछ वितरण किया गया।शुभारंभ जायसवाल समाज संगठन जिला पांढुर्णा अध्यक्ष धीरज जायसवाल, नगर पालिका लोधीखेड़ा अध्यक्ष श्रीमती अर्चना जायसवाल, जिला महिला समाज अध्यक्ष श्रीमती सोनल जायसवाल संयोजक जगदीश जायसवाल के कर-कमलों द्वारा किया गया।भीषण गर्मी को देखते हुए भक्तों की सेवा के लिए आयोजित इस शिविर में समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान रमेश जायसवाल, आनंद जायसवाल, तरुण जायसवाल, संतोष जायसवाल, करण जा य स वा ल, अ नू प जायसवाल,श्रीमती सरोज जायसवाल,अलका जायसवाल, अर्पणा जायसवाल, रीना जायसवाल,आरती जायसवाल, पूनम जायसवाल राजीव जायसवाल,नीरज जायसवाल, प्रवीण जायसवाल, का सहयोग रहा है।जयसवाल समाज संगठन के जिला अध्यक्ष धीरज जायसवाल ने बताया कि विगत वर्षों से हनुमान जयंती के संपूर्ण देश और प्रदेश से आने वाले हजारों हनुमान भक्तों के लिए जयसवाल समाज संगठन की ओर से छाछ पेयजल आदि का वितरण किया जा रहा है।

## जर्जर भवनों के आभाव में विद्यार्थियों को पढ़ने हो रही थी परेशानी-विवेक पटेल

# विधायक विवेक पटेल के प्रयासों के बाद एक करोड़ रुपयों की लगात से बनेंगे आठ जर्जर स्कूलों के नवीन भवन

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

**क्षेत्र में शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए वारासिवनी-खैरलांजी क्षेत्र के आठ नए प्राथमिक शाला के नवीन भवन की स्वीकृति मिली है।इन सभी भवनों के निर्माण लगभग एक करोड़ रुपयों की लागत से किया जाएगा।**

यह स्वीकृति वारासिवनी-खैरलांजी क्षेत्र के विधायक विवेक विक्की पटेल के प्रयासों के बाद मिली है। ये भवन उन स्कूलों के पास बनाए जाएंगे।जो बहुत ही जर्जर या खस्ताहाल इमारतों में संचालित हो रही है।विधायक विवेक विक्की पटेल ने बच्चों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए विद्यार्थियों के जर्जर भवनों को तोड़कर नए भवनों के निर्माण की पहल की थी।विधायक विवेक पटेल के प्रयासों के बाद शासकीय कन्या प्राथमिक शाला मेंहदीवाडा, शासकीय प्राथमिक शाला मेंहदीवाडा, शासकीय माध्यमिक शाला धोबीटोला,शासकीय प्राथमिक शाला सिर्रा,शासकीय प्राथमिक शाला हुड़कीटोला, शासकीय प्राथमिक शाला बिजटोला, फ़ोगलटोला और मरारीटोला में भवनों की स्वीकृति मिली है। इन सभी नवीन भवनों की स्वीकृति मिलने के बाद विधायक विवेक विक्की पटेल ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव और स्कूल शिक्षा मंत्री रावउदय प्रताप सिंह का आभार व्यक्त किया है।

विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि यह स्वीकृति क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए बेहतर अधोसंरचना और गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।शिक्षा के क्षेत्र में हर संभव प्रयास उनकी पहली प्राथमिकता है।शिक्षा के क्षेत्र में विधानसभा के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है।नए भवनों के निर्माण के बाद शिक्षा के क्षेत्र में और सुधार आयेगा।मै लगातार मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव और स्कूल शिक्षा मंत्री रावउदय सिंह से लगातार मुलाकात कर क्षेत्र में जर्जर भवन को बनवाने की मांग की थी।जिसकी स्वीकृति भी मिल चुकी है।यह भवन एक निर्माण नहीं,बल्कि बच्चों के बेहतर भविष्य की दिशा में एक छोटा सा कदम है।हमारा प्रयास है कि किसी भी बच्चों की पढ़ाई केवल संसाधनों की कमी के कारण प्रभावित ना हो।इन बच्चों को सम्मान जनक और सुरक्षित शिक्षा ग्रहण करवाना हमारी पहली जवाबदारी है।विधायक बनने के बाद मेरे द्वारा चिकित्सा और शिक्षा के क्षेत्र में ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है।ताकि कोई भी विद्यालय बुनियादी सुविधाओं से वंचित ना रहे।

## बाबा जुमदेव जी की जयंती पर हुआ फल वितरण

**कटंगी।** मानव धर्म के संस्थापक महानत्यागी बाबा जुमदेवजी की जयंती आज 03 अप्रैल शुक्रवार को मनाई जा रही है। इस मौके पर कटंगी शहर में परम पूज्य परमात्मा एक सेवक मंडल कटंगी/उमरी और सेवकगणों के द्वारा वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दोपहर साढ़े 12 बजे पहुंचकर अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती मरीजों, उनके परिजनों, पोषण पुर्नवास केंद्र में भर्ती बच्चों उनकी माताओं और ड्यूटी में तैनात स्वास्थ्य कर्मचारियों को फल वितरीत किए गए। बाबा जुमदेव का जन्म 3 अप्रैल 1921 को नागपुर के गोलीबार चौक में एक गरीब बुनकर परिवार में हुआ था। उन्होंने मानवता की सेवा, सत्य और ईमानदारी का संदेश दिया। आज कटंगी क्षेत्र में उनके बड़ी संख्या में अनुयायी है जो उनका और उनके विचारों का अनुसरण करते हुए अपने जीवन को बेहतर बना रहे है।

# वार्ड में शराब दुकान के खिलाफ फूटा जनाक्रोश पार्षद का तीखा विरोध, प्रशासन को दी सख्त चेतावनी

### स्कूल-आंगनबाड़ी के पास दुकान खोलने पर भड़के लोग, महिलाओं-बच्चों की सुरक्षा पर मंडराया खतरा

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** नगर परिषद लांजी के वार्ड क्रं. 4 में प्रस्तावित शराब दुकान को लेकर अब जबरदस्त विरोध देखने को मिल रहा है। स्थानीय पार्षद श्रीमति प्रेमलता संजय खोब्रागड़े ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए दुकान खोलने की अनुमति पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। पार्षद ने साफ शब्दों में कहा कि जिस स्थान का चयन किया गया है, वह सामाजिक रूप से बेहद संवेदनशील और विवादास्पद है। ज्ञापन में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि प्रस्तावित स्थल के



आसपास घनी आबादी के साथ शासकीय स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र और अन्य सार्वजनिक स्थान मौजूद हैं। ऐसे में यहां शराब दुकान खुलना सीधे-सीधे क्षेत्र के सामाजिक ताने-बाने को प्रभावित कर सकता है। पार्षद ने प्रशासन को चेताया कि इस फैसले से बच्चों और महिलाओं की सुरक्षा पर गंभीर खतरा पैदा हो सकता है।

पार्षद ने शिकायत पत्र में जोर देकर कहा कि वार्ड में महिलाओं और युवतियों का आवागमन अधिक रहता है। अगर यहां शराब दुकान संचालित हुई, तो असामाजिक तत्वों की गतिविधियां तेजी से बढ़ सकती हैं, जिससे क्षेत्र का माहौल बिगडऩा तय है। उन्होंने कहा कि यह फैसला वार्ड की शांति और सौहार्द के लिए घातक साबित हो सकता है। वहीं, स्थानीय रहवासियों में भी जबरदस्त आक्रोश देखने को मिल रहा है। लोगों ने साफ कहा है कि वे किसी भी हालत में अपने क्षेत्र में शराब दुकान नहीं खुलने देंगे और जरूरत पड़ी तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। पार्षद ने प्रशासन से जनहित को प्राथमिकता देते हुए इस प्रस्ताव को तत्काल निरस्त करने और किसी अन्य उपयुक्त स्थान का चयन करने की मांग की है। अब इस पूरे मामले में प्रशासन क्या रुख अपनाता है, इस पर सबकी नजरें टिकी हुई हैं।

## शासकीय.प्राथमिक. शाला दत्ता में मनाया गया प्रवेश उत्सव

### कार्यक्रम में शामिल हुए मुकेश सिंह चौहान जनपद सदस्य

**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार प्रवेश की समस्त शेक्षक्षिक संस्थाओं में दिनांक 01/04/2026 से 04/04/2026 तक प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रवेश विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 प्रवेश उत्सव शास. प्राथ.शाला दत्ता ये बड़े धूम-धाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुवात मां



सरस्वतीजी की पूजा अर्चना के साथ की गई। इसके पश्चात नव प्रवेशी विद्यार्थीयो को तिलक लगाकर स्वागत कर काफी व पेन, पेन्सिल आगन्तुक लोगों के हस्ते वितरित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 11श्री मुकेश सिंह चौहान जी द्वारा अपने उद्बबोधन में विद्यार्थीयों को शिक्षा के महत्व के बारे में समझाया गया। बेहतर व जिम्मेदार नागरिक बनने की सलाह दी गई। श्रीमती उषा चौधरी प्रभारी प्रधान पाठीका के द्वारा 2025-26 का परिक्षा परिणाम उपस्थितजनों के समक्ष रखा गया। मुकेश सिंह जी चौहान जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक.11, श्री दुलीचंद जी इनवाते सरपंच ग्राम पंचायत-दत्ता, श्री कमलेश पाँचे अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति शा.प्रा. शाला दत्ता, श्री संदीप पाँचे, श्री शैलेश चौहान सदस्य, श्री ओमकार खरे उपसरपंच। श्री रामप्रसाद नागेश्वर सचिव, श्री मुकेश मातरे सहायक। सचिव, श्रीमती पुष्पलता बिसेन शिक्षिका,श्रीमती नेहा मेश्राम शिक्षिका, श्रीमती साधना देशमुख शिक्षिका एवं समस्त विद्यार्थीगण शासकीय प्राथमिक शाला दत्ता और अभिभावकों की उपस्थिति सराहनीय रही।

# उपमंडी लांजी में अवैध परिवहन के फिर बने 11 प्रकरण

हरिभूमि न्यूज लांजी।

प्राप्त जानकारी अनुसार भारसाधक अधिकारी (मंडी) बालाघाट श्री गोपाल सोनी एवं सचिव कृषि उपज मंडी समिति बालाघाट के निर्देशन एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) लांजी के मार्गदर्शन में निरीक्षक श्री वासुदेव बढ़ई, विनोद बन्सोड़ एवं श्री नेलचंद बारबुदे सहायक उप निरीक्षक उपमंडी लांजी के द्वारा दिनांक 2 मार्च एवं 3 मार्च को कुल्पा आमगांव रोड एवं रिसेवाड़ा भिलाई रोड में दिन एवं रात के सघन निरीक्षण के दौरान 3 वाहनों पर बिना मंडी के वैध दस्तावेजों के अवैध परिवहन करने पर पांच गुना कार्यवाही कर दांडिक मंडी शुल्क वसूल किया गया जिसमें पिकअप क्रमांक MP50ZJ5379 मे गणेश किराना बिसौनी (लांजी)से मिर्ची 5.21क्विं.पर राशि 3345, MP28ZH6082 मे राम सब्जी भंडार परासिया (छिंदवाड़ा) से लहसुन 16 क्वि. पर राशि 5000, एवं वाहन क्रमांक MH49AT0365 में मांगू लाल पंजरे,ग्राम बिरसोला (कांटी) जिला -गोंदिया से गुड़ 28 क्विंटल पर राशि 8000 रूपये वसुल कर शासकीय खजाने में जमा कराया गया। बताया गया कि इसके पूर्व विगत माह- मार्च 2026 में भी इसी प्रकार कार्यवाही कर लांजी उपमंडी क्षेत्र में 8 वाहनों पर बिना मंडी के वैध दस्तावेजों के अवैध परिवहन करने पर पांच गुना कार्यवाही कर दांडिक मंडी शुल्क वसूल किया गया, जिसमें वाहन MP28ZD5893 मे रामकुमार चौरिया छिंदवाड़ा से लहसुन 12 क्वि.पर राशि 4000, वाहन MH40CD5538 मे राहुल कंटक छिंदवाड़ा से लहसुन 23.20 क्वि. पर राशि 8960, वाहन MP28G6168 मे शिवहरी चौरिया परसगांव(छिंदवाड़ा)से लहसुन 16.60 क्वि. पर राशि 6980, वाहन MH40DC5105 मे नीरज साहू छिंदवाड़ा से लहसुन 10 क्वि. पर राशि 4000, वाहन MH40CT1095 मे राजेश मधुकर ठाकरे एंड संस छिंदवाड़ा से लहसुन 40 क्वि. पर राशि 12000, वाहन MP15ZN7242 मे देवेंद्र कुटेल सागर से लहसुन 19.40 क्वि. पर राशि 5850, वाहन MH40CT9513 मे मकरू डिगरसे छिंदवाड़ा से लहसुन 10 क्वि. पर राशि 3000, वाहन MP22G4419 मे निलेश कुमार अग्रवाल आमगांव से पोपट 10 क्वि. पर राशि 3400 रूपये वसुल कर सरकारी खजाने में जमा कराया गया था। इस प्रकार, 11 वाहनों से कुल राशि 64535 रूपये वसूल कर सरकारी खजाने में जमा कराया गया है। प्रशासन द्वारा अपील की गई कि कोई भी व्यापारी बगैर मंडी के वैध दस्तावेजों अथवा अनुज्ञापत्र के अधिसूचित कृषि उपजों का परिवहन किसी भी स्थिति में ना करें,अन्यथा अवैध परिवहन करने वाले व्यापारियों पर प्रशासन की सतत कार्यवाही जारी रहेगी।



## डॉ रजनी बिसेन को मिली मानद उपाधि



हरिभूमि न्यूज कटंगी।

हस्तनिर्मित उत्पादों का उत्पादन करने वाली डॉ रजनी रितेश बिसेन को मानद उपाधि मिली है। त्वचा और बालों की देखभाल की सूत्रधार डॉ. रजनी रितेश बिसेन को मानव सेवा एवं ब्यूटी वेलनेस के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया। गत दिवस नई दिल्ली स्थित कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में एम/एस माइंड स्टॉक सॉल्यूशन ह्यूमन डेवलपमेंट काउंसिल (यूएसए) द्वारा उन्हें मानद डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई। डॉ. रजनी बिसेन को यह सम्मान उनके द्वारा हस्तनिर्मित स्किनकेयर और हेयर केयर प्रोडक्ट्स के निर्माण और लोगों तक प्रभावी परिणाम पहुंचाने के लिए दिया गया। उनके समर्पण भाव की सराहना करते हुए अमेरिकन होलिस्टिक एकेडमी (यूएसए) द्वारा वर्ष 2026 का सर्टिफिकेट ऑफ एप्रिसिएशन भी प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (केंद्रीय सरकार) द्वारा उन्हें महिला वैश्विक पुरस्कार 2026 से भी नवाजा गया। डॉ रजनी बिसेन की इस उपलब्धि पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है और विभिन्न सामाजिक संगठनों सहित नागरिकों ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

**खबर संक्षेप**

## आज पलारी टेकरी के रमणीय शनिदेव मंदिर में अभिषेक, सुंदरकांड पाठ व विशाल भंडारा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** नागपुर रोड स्थित पलारी टेकरी पर विराजित श्री सिद्ध शनिदेव मंदिर न केवल आस्था का केंद्र है, बल्कि यह स्थल प्राकृतिक सौंदर्य और धार्मिक पर्यटन का अद्भुत संगम भी बन चुका है।



रियाली से आच्छादित यह पहाड़ी अब एक विकसित धार्मिक-पर्यटन स्थल के रूप में पहचान बना रही है, जहां मंदिर समिति द्वारा पर्यावरण संरक्षण और सुविधाओं के विस्तार में सराहनीय योगदान दिया गया है। यहां नवग्रह वाटिका के साथ विभिन्न धार्मिक महत्व के वृक्षों का रोपण कर पूरी टेकरी को हरा-भरा बनाया गया है। श्रद्धालुओं के लिए सामुदायिक भवन, बच्चों के मनोरंजन के साधन एवं युवाओं के लिए व्यायाम सामग्री जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराकर इस स्थल को परिवारिक एवं आध्यात्मिक पर्यटन के रूप में विकसित किया गया है।
जय श्री शनिदेव एवं महावीर बजरंगबली जी की कृपा से प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी दिनांक 4 अप्रैल 2026, शनिवार को यहां अभिषेक, सुंदरकांड पाठ, हवन-पूजन एवं महाप्रसाद सहित विशाल भंडारे का भव्य आयोजन किया जा रहा है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भंडारे का आयोजन बाबा ट्रेडर्स द्वारा किया जा रहा है।



## कुर्मी क्षत्रिय समाज का महिला सम्मेलन संपन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** 1 अप्रैल महिला कुर्मी क्षत्रिय समाज जिला सिवनी का वार्षिक सम्मेलन आज ढूंढा सिवनी स्थित सात फेरे लान में संपन्न हुआ. सबसे पहले अखंड भारत के निर्माता सरदार पटेल के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ. तत्पश्चा कुर्मी गीत को पूरे सम्मान के साथ बजाया गया इस दौरान समस्त उपस्थित जनसमूह में अपने स्थान पर खड़े होकर कुर्मी गीत को सम्मान प्रदान किया।
इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एवं विधानसभा क्षेत्र गुढ़ जिला रीवा की पूर्व विधायक श्रीमती विद्यावती पटेल ने कहा कि निश्चित रूप से हमारे समाज ने तरक्की की है. कृषि शिक्षा एवं व्यापार के क्षेत्र में हम धीरे-धीरे आगे बढ़ रहे हैं परंतु समाज के समग्र विकास के लिए हमें राजनीतिक ताकत बढ़ाना अत्यंत आवश्यक है। श्रीमती पटेल ने कहा कि इसके लिए हमें अपने समाज एवं पिछड़ा वर्ग के साथियों को साथ लेकर संगठित होना है। यह संभव है हमने विंध्य में कई बार इसे करके दिखाया है।

## धूमा में कांग्रेस को नई कमानः ओम शिवहरे बने ब्लॉक अध्यक्ष

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले की लखनादौन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कांग्रेस संगठन को मजबूती देने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण नियुक्ति की गई है। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जारी पत्र क्रमांक 324/26 दिनांक 31 मार्च 2026 के अनुसार प्रदेश के 11 जिलों में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्षों की नई नियुक्तियां घोषित की गई हैं। इसी क्रम में धूमा ब्लॉक के लिए ओम शिवहरे को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी तथा संगठन प्रभारी संजय कामले की सहमति से की गई है।



# कार्यालय से नदारत अधिकारीः नहीं किसी का डर, उप तहसील धपारा गंगेरूआ बनी सिरदर्द

सरकारी मुलाजिमों की मनमानी से दर बदर भटक रहे दूर-दराज़ से आने वाले हितग्राही घंटों भटक रहे आमजन, कार्यालय में जड़ा रहता ताला समय पर नहीं उप तहसील अधिकारी जिले में वरिष्ठ महिला अफसर होने का तो नही उठाया जा रहा है फायदा।

**हरीभूमि राकेश अगरवार।** बरघाट । तहसील कार्यालय बरघाट से दूरी अधिक होने की वजह से उप तहसील का दर्जा प्राप्त धपारा (गंगेरूआ)बरघाट, जिला सिवनी, को बनाया गया जहां पर आमजनो के सभी राजस्व मामले और सरकारी कार्य कराने के लिए लोगो को महीनो तक चप्पले घिसनी पड़ रही है क्योंकि उप तहसील कार्यालय के सरकारी दफ्तरों के अधिकारी कर्मचारी अपनी मौज फरमाने में मशगूल नजर आ रहे हैं सरकारी कर्मचारियों की लेट लतीफी से परेशान जनता की लंबी कतार अब उप तहसील धपारा (गंगेरूआ) के बाहर दिखाई देने लगी है,आरोप है कि निर्धारित समय पर अधिकारी और कर्मचारी कार्यालय नहीं पहुंचते, जिससे दूर-दराज़ गांवों से अपने प्रकरणों की सुनवाई के लिए आने वाले हितग्राहियों को घंटों महीनो तक इंतजार करना पड़ता है,और कई बार निराश होकर खाली हाथ बैरंग लौटना पड़ता है।

### उप तहसील कार्यालय समय पर नहीं खुलता ताला बना प्रतीक

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कई दिनों से उप तहसील कार्यालय में तय समय पर कामकाज शुरू नहीं हो पाता, सुबह से पहुंचे लोग दोपहर तक इंतजार करते रहते हैं, लेकिन संबंधित अधिकारी समय पर उपलब्ध नहीं होते, कई बार कार्यालय के मुख्य कक्ष में ताला लटका मिलता है, जिससे लोगों में नाराज़गी बढ़ रही है।




### दूर गांवों से आने वालों की बढ़ी मुश्किलें

अरी मोहगांव,बोरी खुर्द तिघरा, दुल्हापुर गंगेरूआ, और आसपास के गांवों से लोग नामांतरण, बंटवारा, प्रमाण - पत्र, राजस्व संबंधी विवाद और अन्य शासकीय कार्यों के लिए उप तहसील पहुंचते हैं, कई हितग्राही 20–30 किलोमीटर दूर से बस या निजी साधनों से आते हैं, यदि अधिकारी समय पर न मिलें तो उन्हें दोबारा आने का खर्च और समय दोनों उठाना पड़ता है,एक ग्रामीण ने बताया, सुबह 10 बजे से बैठे हैं, दोपहर हो गई पर सुनवाई नहीं हुई। मजदूरी छोड़कर आए थे, अब फिर आना पड़ेगा।

### नही है कोई अफसरों कि समय सीमा पर तय आखिर क्यों

सरकार ने राजस्व सेवाओं के लिए समय-सीमा तय कर रखी है,लेकिन यदि कार्यालय ही समय पर न खुले, तो तय समय-सीमा का पालन कैसे होगा? लोगों का सवाल है क्या वरिष्ठ अधिकारी इस स्थिति से अवगत हैं? क्या नियमित निरीक्षण हो रहा है? क्या कर्मचारियों की उपस्थिति की निगरानी की जा रही है?
क्षेत्र में यह भी चर्चा है कि कार्यालय व्यवस्था में ढिलाई के पीछे आंतरिक 'सेटअप' और समन्वय की कमी हो सकती है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं है, लेकिन लगातार शिकायतों ने व्यवस्था पर सवाल जरूर खड़े कर दिए हैं,जनता मांग कर रही है कि, उपस्थिति रजिस्टर और बायोमेट्रिक सिस्टम की जांच हो, तय समय पर कार्यालय खुलने की गारंटी हो, लंबित प्रकरणों की सूची सार्वजनिक की जाए, प्रशासन कब लेगा संज्ञान? अब निगाहें जिला प्रशासन और सक्षम अधिकारियों पर टिकी हैं, यदि स्थिति ऐसी ही बनी रही तो लोगों का भरोसा राजस्व व्यवस्था से उठ सकता है, उप तहसील धपारा (गंगेरूआ) में समय पर कामकाज शुरू होना और हितग्राहियों को समय पर सुनवाई मिलना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है,जनता पूछ रही है आखिर कब सुधरेगी व्यवस्था? कब तक लोग अपनी चप्पलें घिसते रहेंगे? क्या कार्यलय समय सीमा पर कार्यलय से नदारद रहने वाले सरकारी कर्मचारियों की मनमानी पर रोक लगेगी या नही यह समझ के परे है।

# मुंडरई में हुए अंधे हत्याकांड का 24 घण्टे के भीतर किया खुलासा, एक आरोपी गिरफ्तार

फरियादी अशोक पिता कढोरी झारिया उम्र 37 वर्ष निवासी ग्राम मुंडरई थाना छपारा ने रिपोर्ट किया कि इसकी माँ लली बाई झारिया दिनांक 31.03.2026 को घर से शाम 4.30 बजे ग्राम मुंडरई के चुरकीवारी जंगल मे महुआ बीनने गई थी रात करीबन 7 बजे तक लली बाई झारिया घर वापस नही आयी तो पता तलाश करने पर लली बाई झारिया का शव चुरकीवारी जंगल मे सूखे सागौन के पेड के नीचे चित अवस्था मे पडा हुआ मिला।

**हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।**

जिसके चेहरे एवं सिर में गंभीर चोट के निशान थे एवं चेहरा खून से लथपथ था थाना छपारा मे मर्ग क्रमांक 16/2026 धारा 194 BNSS कायम कर जाँच प्रारम्भ की गई।
घटना को गंभीरता से लेते हुए छिन्दवाडा से एफएसएल टीम, सिवनी से, फिंगर प्रिन्ट विशेषज्ञ एवं डाग स्काट टीम व्दारा घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया गया। तो घटना स्थल से कुछ दूरी पर घटना में प्रयुक्त खून से सनी हुई सागौन की लकडी जप्त की गई एवं प्रारम्भिक जाँच पर मृतिका लली बाई की अज्ञात व्यक्ति के व्दारा हत्या करना पाये जाने से अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 149/2026 धारा 103(1) BNS का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। यह कि मामले की गंभीरता को देखते हुए सुनील कुमार मेहता पुलिस अधीक्षक सिवनी के मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस लखनादौन के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन कर मामले के अज्ञात आरोपी की तलाश कर मामले का निराकरण करने हेतु आदेशित किया गया।
छपारा पुलिस टीम व्दारा कार्यवाही करते हुए मृतिका के परिजनो, ग्रामवासियो एवं मुखबिरो से उक्त घटना घटित होने के कारणो पर चर्चा कर सूक्ष्मता से पूछताछ की गई। जो ग्रामीणो, परिजनो एवं मुखबिरो व्दारा रिश्तेदार महेश कुमार झारिया पर हत्या करने का संदेह होना बताया।
दौरान विवेचना के संदेही महेश कुमार झारिया को हिरासत में लेकर सूक्ष्मता से पूछताछ की गई जिसने बताया कि वह शादी के बाद से घर जमाई होकर ग्राम मुंडरई में रह रहा है, मृतिका लली बाई का रिश्ते मे नंदोई भाई लगता है जिसने ढाई एकड जमीन मृतिका लली बाई के परिवार से अपनी पत्नी के हिस्से में ले लिया था इसी बात को लेकर मृतिका लली बाई, आरोपी महेश कुमार झारिया को अक्सर अपशब्द कहकर अपमानित करती थी। घटना दिनांक 31.03.2026 को भी ग्राम मुंडरई के चुरकीवारी जंगल मे आरोपी व्दारा इकट्ठी की गई जलाऊ लकडी मृतिका व्दारा ले जाने पर दोनो के बीच मे वाद विवाद होने से गुस्से में आकर आरोपी व्दारा वही पडी सागौन की सूखी लकडी से मृतिका लली बाई के सिर एवं चेहरे पर लगातार वार कर मृतिका लली बाई की हत्या कर देना स्वीकार करने पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है एवं आरोपी से घटना के समय पहने हुए कपडे जप्त किए गए है। जिसे दिनांक 03.04.2026 को माननीय न्यायालय रिमांड पर पेश किया जायेगा। गिरफ्तार आरोपी महेश कुमार झारिया पिता रामचरण झारिया उम्र 65 वर्ष निवासी ग्राम मुंडरई थाना छपारा जिला सिवनी। आरोपी से जप्त प्रदर्श घटना के समय पहने हुए कपडे। उक्त कार्यवाही मे सराहनीय कार्य निरीक्षक खेमेन्द्र कुमार जैतवार, उपनिरी सुक्लूलाल उइके, उपनिरी मन्जू राहंगडाले, सउनि भुजबलसिंह प्रजापति, सउनि सुखदास मर्सकोले, प्रआर विनोद बघेल, मूलसिंह उईके, आरक्षक गजानंद वर्मा, रामनरेश कैथवास, रतिभानशा इवनाती, राधा तेकामा शामिल रहे।

## उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा किया गया पानी चौपाल कार्यक्रम का आयोजन




**हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।**

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के मार्गदर्शन एवं सहायक संचालक उद्यान डॉ. आशा उपवंशी वासेवार के निर्देशन में उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, जिला सिवनी द्वारा विकासखण्ड बरघाट के ग्राम केसला में पानी चौपाल कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।
कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रीष्मकाल में संभावित जल संकट के प्रति ग्रामीणों एवं कृषकों को जागरूक करना तथा जल संरक्षण के प्रभावी उपायों की जानकारी देना रहा। इस अवसर पर कृषकों को जल के संतुलित एवं समुचित उपयोग के महत्व से अवगत कराते हुए जल की बर्बादी रोकने के व्यवहारिक उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई।
उद्यानिकी विभाग द्वारा किसानों को सूक्ष्म सिंचाई प्रणालियों जैसे ड्रिप (टपक) एवं स्प्रिंकलर (फव्वारा) सिंचाई अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। बताया गया कि ड्रिप सिंचाई से लगभग 70 प्रतिशत तक तथा स्प्रिंकलर विधि से पारंपरिक सिंचाई की तुलना में 30 से 50 प्रतिशत तक जल की बचत संभव है। इन तकनीकों से कम पानी में अधिक सिंचाई, बेहतर उत्पादन, उर्वरकों का कुशल उपयोग, श्रम लागत में कमी तथा खरपतवार नियंत्रण में भी सहायता मिलती है।
कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना अंतर्गत पीडीएमसी सहित विभिन्न उद्यानिकी योजनाओं की जानकारी दी गई। इन योजनाओं के तहत छोटे एवं सीमांत किसानों को इकाई लागत का 55 प्रतिशत तक तथा अन्य किसानों को 45 प्रतिशत तक अनुदान प्रदान किया जाता है।
कार्यक्रम में ग्राम सरपंच एवं उद्यानिकी विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रवेश उत्सव में छलका शिक्षकों का दर्दः शासकीय उच्चतर विद्यालय धारनाकला पेयजल समस्या से जूझ रहा

मध्य प्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग 1 अप्रैल 2026 से स्कूल चले हम अभियान के अन्तर्गत प्रवेश उत्सव मना रहा है जिसका उद्देश्य सरकारी स्कूलो मे बच्चो का शत प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करना है और इस दौरान 01 से 04 अप्रैल तक निशुल्क पाठ्य पुस्तके स्कूल किट का वितरण और भविष्य से भेट जैसे कार्यक्रम आयोजित किये गये जिसमे मुख्य अतिथि के तौर पर स्कूलो और विद्यालयो मे जनप्रतिनिधियो को भी आमंत्रित किया गया था प्रवेश उत्सव के प्रथम दिवस शासन के आदेशानुसार विद्यालयो मे निशुल्क पुस्तके तथा सायकल का वितरण भी किया गया।

**हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।**

इसी बीच शिक्षको ने विद्यालय मे जो कमी है दर्द भरे लफजो मे बया भी किया जिससे सरकारी विद्यालय आज जूझ रहे है पर इस दिशा मे सरकार तथा हमारे जन प्रति निधियो तथा प्रशासन का ध्यान क्यो नही है। उल्लेखनीय है की शासकीय उच्चतर विद्यालय धारनाकला मे एक हजार छात्र छात्राऐ अध्यनरत है और छात्र छात्राओ की बैठक व्यवस्था की बात करे तो विद्यालय मे मात्र आठ कमरे हाल के रूप मे मौजूद है और एक कमरे मे इतने बच्चो का भविष्य सवर रहा है हाल मे बमुश्किल चालीस से पचास बच्चे ही बैठकर शिक्षा अध्ययन कर सकते है किन्तु धारनाकला विद्यालय मे एक ही हाल सौ से अधिक बच्चो को बिठाकर नीव मजबूत की जा रही है हकीकत तो ये है की इन सकरे कमरों तथा हाल मे बच्चो को सासं लेने मे भी घुटन महसूस होती है क्योकि एक ही बेंच पर तीन से चार छात्र छात्राऐ बैठकर शिक्षण का कार्य पूर्ण करते नजर आ रहे है और इस समस्या की मांग विद्यालय प्रबंधन द्वारा अनेको बार की जा चुकी है किन्तु वर्षो से कल का भविष्य की ओर क्यो ध्यान नही। शासकीय विद्यालय धारनाकला मे विगत लम्बे समय से छात्र छात्राऐ पेयजल समस्या से भी जूझ रहे है वैसे तो विधालय मे 1000 छात्र छात्राऐ तथा 35 शिक्षको से यह विद्यालय सजा हुआ है किन्तु इस विद्यालय मे समस्याए इतनी है की जिसे सुनकर अतिथियो की आखे भी नम हो गई शिक्षको ने प्रवेश उत्सव से तो मनाया किन्तु अपने विद्यालय की समस्याओ को भी दर्द भरे लफ्ज़ मे बया किया है




**सासंद निधि विधायक निधि शिक्षा क्षेत्र मे क्यो नही**

जहां जिले के अधिकांश स्कूलो मे विभिन्न समस्याओ के साथ साथ स्कूल बिल्डिंग जर्जर हालत मे तथा छात्र छात्राओ की बैठने की सुचारू व्यवस्था नहीं है इसके बाद भी सरकार से प्राप्त सासंद विधायक निधि का उपयोग आखिर शिक्षण संस्थानो पर क्यो नही किया जा सकता जबकि सरकार से प्राप्त सासंद तथा विधायक निधि का उपयोग जरूर पंचायतो मे देखा जा सकता है और लाखो रूपये की राशि के कार्य ठेकेदारी प्रथा के रूप मे पंचायतों मे पूर्ण हो रहे है और इन कार्यो पर घटिया स्तर के निर्माण को लेकर अनेको आरोप सामने आ चुके है क्या सरकार से प्राप्त सासंद तथा विधायक निधि का उपयोग ऐसे स्कूलो तथा विधालय मे नही किया जा सकता है जहा अनेको समस्याए नौनिहाल और कल का भविष्य सजोने वाले बच्चो से जुडी हुई है।

# कलेक्टर ने सिविल अस्पताल केवलारी, राजस्व न्यायालय फिल्टर प्लांट का किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।**

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने केवलारी स्थित सिविल अस्पताल का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल के विभिन्न विभागों का बारीकी से अवलोकन किया।
कलेक्टर ने स्टोर कक्ष, ओपीडी, पैथोलॉजी लैब, एक्स-रे कक्ष, एनसीडी क्लिनिक, एएनसी सहित अन्य वार्डों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने दवाओं की उपलब्धता, जांच सुविधाओं की गुणवत्ता तथा मरीजों को दी जा रही सेवाओं की स्थिति पर विशेष ध्यान दिया।
निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अस्पताल में आने वाले मरीजों को समय पर और बेहतर उपचार उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने साफ-सफाई, आवश्यक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता एवं उपकरणों के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।
इस दौरान एसडीएम महेश अग्रवाल सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं अस्पताल स्टाफ उपस्थित रहे।
कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने केवलारी स्थित राजस्व न्यायालय का निरीक्षण कर वहां की कार्यप्रणाली का जायजा



लिया। इस दौरान उन्होंने लंबित राजस्व प्रकरणों की स्थिति, अभिलेख संधारण एवं न्यायालयीन प्रक्रिया की समीक्षा की।
निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने प्रकरणों के समयबद्ध निराकरण पर विशेष जोर देते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आमजन से जुड़े मामलों में अनावश्यक विलंब न हो।
उन्होंने कहा कि राजस्व न्यायालय में आने वाले प्रकरणों का पारदर्शी एवं त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि नागरिकों को राहत मिल सके। उन्होंने अभिलेखों के सुव्यवस्थित रखरखाव, सुनवाई की नियमितता तथा कार्यालयीन व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के निर्देश भी दिए। साथ ही आमजन से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता के साथ कार्य करने की बात कही। इस दौरान एसडीएममहेश अग्रवाल सहित संबंधित राजस्व अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।
कलेक्टर ने केवलारी फिल्टर प्लांट एवं जल जीवन मिशन कार्यों का किया निरीक्षण, गुणवत्ता पर दिया जोर
सिवनी,कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने केवलारी स्थित फिल्टर प्लांट एवं जल जीवन मिशन अंतर्गत संचालित कार्यों का निरीक्षण कर प्रगति और व्यवस्थाओं का जायजा लिया।
निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने फिल्टर प्लांट की कार्यप्रणाली, जल शुद्धिकरण की प्रक्रिया तथा सप्लाई व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि नागरिकों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। जल जीवन मिशन के तहत चल रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने पाइपलाइन विस्तार, कनेक्शन की स्थिति एवं निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यों में गुणवत्ता के साथ-साथ समय-सीमा का पालन अनिवार्य रूप से किया जाए, ताकि प्रत्येक घर तक नल से जल की सुविधा समय पर उपलब्ध हो सके। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग करने एवं किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए।

## बुधवारी बाजार क्षेत्र में जुलूस के दौरान में मधुमक्खियों का हमला

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** नगर के बुधवारी बाजार क्षेत्र में हनुमान जन्मोत्सव की शोभायात्रा के दौरान उस समय अफरातफरी मच गई, जब एक मकान पर लगे मधुमक्खियों के छत्ते से अचानक झुंड निकलकर जुलूस में शामिल श्रद्धालुओं पर हमला कर दिया। घटना से मौके पर भगदड़ जैसे हालात बन गए।
प्राप्त जानकारी के अनुसार, अखाड़ा जुलूस जैसे ही बुधवारी बाजार क्षेत्र से गुजर रहा था, तभी मधुमक्खियां अचानक आक्रामक हो गईं और आसपास मौजूद लोगों पर हमला बोल दिया। इस दौरान जुलूस में शामिल श्रद्धालुओं के साथ कुछ पुलिसकर्मी भी मधुमक्खियों के हमले का शिकार हो गए।
घटना के बाद क्षेत्र में हडकंप मच गया और लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागते नजर आए। हालांकि

### श्रद्धालुओं के साथ कुछ पुलिसकर्मी घायल

राहत की बात यह रही कि किसी बड़ी अनहोनी की सूचना नहीं है, लेकिन कई लोगों को हल्की चोटें आई हैं।
स्थानीय नागरिकों ने नगर पालिका प्रशासन से मांग की है कि तीज-त्योहार और उत्सवों से पहले मकानों पर लगे मधुमक्खियों के छत्तों को सुरक्षित तरीके से हटाया जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं से बचा जा सके।
इस संबंध में कोतवाली थाना प्रभारी सतीश तिवारी ने बताया कि एक महिला आरक्षक को मधुमक्खी ने काट लिया था, जिन्हें तुरंत अस्पताल ले जाकर उपचार कराया गया। अन्य घायलों के संबंध में फिलहाल विस्तृत जानकारी नहीं मिल सकी है।

# बाघ के हमले में ग्रामीण की मौत

**हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।**

दिनांक 1 अप्रैल 2026 को पेंच टाइगर रिजर्व के छिंदवाड़ा क्षेत्र अंतर्गत कुंभपानी वन परिक्षेत्र के बीट रमपुरी के कक्ष क्रमांक 1399 में एक बाघ के हमले में श्री महेंद्र उर्फ महेश पिता शंभू मांड़ेकर (उम्र लगभग 41 वर्ष), निवासी ग्राम नाहरझिर टोला, थाना बिछुआ, जिला छिंदवाड़ा की दुखद मृत्यु हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, श्री महेंद्र सुबह लगभग 7बजे अकेले महुआ बीनने जंगल गए थे। दोपहर 1 बजे तक उनके घर न लौटने पर परिवारजनों ने जंगल में उनकी तलाश शुरू की। श्री महेंद्र के पिता ने बताया कि उन्होंने घटनास्थल पर एक बाघ को देखा और पाया कि श्री महेंद्र की मृत्यु बाघ के हमले से हुई है।
इस घटना की सूचना श्री मेहरबान चौधरी, निवासी थोटामाल द्वारा दोपहर लगभग 2बजे टाइगर रिजर्व स्टाफ को दी गई। सूचना मिलते ही टाइगर रिजर्व का स्टाफ और पुलिस थाना बिछुआ के पुलिसकर्मी तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे। प्रथमदृष्टया निरीक्षण में यह पाया गया कि किसी बड़े मांसाहारी वन्यप्राणी (संभवतः बाघ) द्वारा यह घटना कारित की गई है। मौके की कार्यवाही पूर्ण करने के बाद, मृतक का शव पोस्टमार्टम हेतु सिविल अस्पताल बिछुआ भेजा गया। दिनांक 2 अप्रैल 2026 को पोस्टमार्टम किया गया। पेंच टाइगर रिजर्व प्रबंधन द्वारा शासन के नियमानुसार मृतक के परिवार को सहायता राशि प्रदान की जा रही है।

## कलबोड़ी में श्री हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** आंनद वर्धन श्रीराम मंदिर कलबोड़ी में श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर विद्वान पंडित सुरेश कुमार तिवारी के सानिध्य में रामचरित मानस सुंदर काण्ड का पाठ हवन पूजन कर उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया इस मौके पर मंदिर समिति के अध्यक्ष मोहन सिंह चंदेल एवं ग्राम के लेखराम साहू अशीम सनोडिया, परसराम साहू दिवान सिंह चंदेल जयराम, कांता प्रसाद सराठे छोटू साहू सपन चंदेल दिनू मर्सकोले गुड्डु श्रीमती आशा चंदेल सरोज सनोडिया एवं ग्राम के नवयुवकों एवं माताये बहनें का विशेष सहयोग रहा।

## 1225 पाठ से गूंजा श्री राम मंदिर

# महाआरती व 56 भोग से हुआ भव्य समापन

**हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।**

घंसौर। नगर के हृदय स्थल स्थित प्राचीन श्री राम मंदिर में भक्तिमय वातावरण के बीच श्री हनुमान चालीसा पाठ का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। इस धार्मिक कार्यक्रम में नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता निभाई। प्रभु श्री राम की कृपा एवं सभी पाठियों के सामूहिक सहयोग से कुल 1225 बार श्री हनुमान चालीसा का पाठ पूर्ण किया गया, जिससे पूरा मंदिर परिसर भक्ति रस में सराबोर हो गया।
कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह और आस्था देखने को मिली। महिलाएं, पुरुष, युवा और बुजुर्ग सभी ने एक साथ बैठकर श्रद्धा भाव से हनुमान चालीसा का पाठ किया। मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन की मधुर ध्वनि गूंजती रही, जिससे वातावरण पूर्णतः आध्यात्मिक हो गया। पाठ पूर्ण होने के उपरांत संगीतमय महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित श्रद्धालुओं ने बढ़-चढक़र भाग लिया। आरती के दौरान पूरा परिसर जय श्री राम और जय हनुमान के जयघोष से गूंज उठा। इसके पश्चात भगवान श्री हनुमान जी को 56 प्रकार के भोग अर्पित किए गए, जिसे भक्तों में प्रसाद के रूप में वितरित किया गया। इस आयोजन ने न केवल धार्मिक आस्था को सुदृढ़ किया, बल्कि सामाजिक एकता और सामूहिक सहभागिता का भी सुंदर संदेश दिया। स्थानीय नागरिकों ने ऐसे आयोजनों को समाज के लिए प्रेरणादायक बताते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने की अपेक्षा जताई।

# उपभोक्ताओं में बढ़ते विवाद को देखते हुए पुलिस के साए में गैस सिलेंडर वितरण

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में गैस सिलेंडर वितरण को लेकर बढ़ते विवादों के बाद अब पुलिस सुरक्षा में गैस का वितरण किया जा रहा है। कोतवाली थाने से उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। यह व्यवस्था गैस एजेंसियों पर लगातार हो रहे झगड़ों और सभी वितरण स्थलों पर पुलिस सुरक्षा उपलब्ध न करा पाने के कारण शुरू की गई है।




मिडिल ईस्ट में चल रहे युद्ध के कारण गैस आपूर्ति प्रभावित हुई है, जिससे उपभोक्ताओं को पहले की अपेक्षा देरी से गैस मिल रही है। गैस सिलेंडर प्राप्त करने के लिए एजेंसियों पर भीड़ और धक्का-मुक्की की स्थिति बन रही थी, जिसकी शिकायतें लगातार पुलिस को मिल रही थीं।

थाना प्रभारी कामेश धूमकेती ने बताया कि सभी वितरण स्थानों पर पुलिस बल तैनात करना संभव नहीं था। सुरक्षा के मद्देनजर, थाने से गैस वितरण की व्यवस्था बनाई गई है ताकि सभी लोगों को सही तरीके से गैस सिलेंडर मिल सकें। उन्होंने यह भी बताया कि धीरे-धीरे उपभोक्ताओं को थाने से गैस वितरण की जानकारी मिलने के बाद वे यहां आने लगेंगे।

हालांकि, खाद्य विभाग जिले में गैस की पर्याप्त आपूर्ति का दावा कर रहा है, लेकिन पुलिस की निगरानी में वितरण शुरू होने से कहीं न कहीं आपूर्ति में आ रही दिक्कतें उजागर हो रही हैं। यह व्यवस्था कब तक जारी रहेगी, इस बारे में अभी कोई निश्चित जानकारी नहीं है।

## अवैध उर्वरक भंडारण पर कार्यवाही

# 29 बैग खाद जब्त, आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिले के किरनापुर क्षेत्र में अवैध रूप से रासायनिक उर्वरक के भंडारण का मामला सामने आया है। कृषि विभाग की सतर्कता और जांच के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। यह कार्रवाई किसानों के हितों की सुरक्षा और उर्वरकों की कालाबाजारी पर रोक लगाने के उद्देश्य से की है।



निरीक्षण में उजागर हुआ मामला जानकारी के अनुसार, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी एवं उर्वरक निरीक्षक विनिता रंगारी को ग्राम मुरकुड़ा में अवैध भंडारण की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना मिलने पर अनुविभागीय कृषि अधिकारी लांजी खुदीराम सनोडिया, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विनीता रंगारी, कृषि विकास अधिकारी सुनील बागड़े एवं उर्वरक प्रभारी जेएसके बैंक बालाघाट अमरेश परिहार द्वारा संयुक्त रूप से मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया गया, जिसमें आरोपी के घर से इफको कंपनी का रासायनिक उर्वरक बड़ी मात्रा में संग्रहीत पाया गया। जांच के दौरान कुल 29 बैग (लगभग 14.50 क्विंटल) खाद जब्त की गई। इस कार्रवाई के दौरान पंचनामा, जप्ती पत्रक और अन्य आवश्यक दस्तावेज तैयार किए गए। प्राथमिक जांच में यह स्पष्ट हुआ कि उर्वरक का भंडारण नियमों के विपरीत किया गया था, जिससे आवश्यक वस्तु अधिनियम और उर्वरक (नियंत्रण) आदेश का उल्लंघन हुआ है। इसके बाद पूरी रिपोर्ट संबंधित अधिकारियों को सौंपते हुए थाना किरनापुर में शिकायत दर्ज कराई गई।

पुलिस ने दर्ज किया प्रकरण किरनापुर पुलिस ने शिकायत और दस्तावेजों के आधार पर आरोपी जगदीश कुमार मानेश्वर पिता सुत्रूलाल मानेश्वर के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3 एवं 7 तथा उर्वरक (नियंत्रण) आदेश, 1985 की धारा 7 के तहत मामला दर्ज कर मामले को विवेचना में लेकर आगे की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि किसानों को मिलने वाले उर्वरकों की कालाबाजारी और अवैध भंडारण किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे मामलों में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी ताकि बाजार में पारदर्शिता बनी रहे और किसानों को समय पर उचित दर पर खाद उपलब्ध हो सके।

### बाइक पेड़ से टकराई, घायल की इलाज के दौरान मौत

**बालाघाट**। बालाघाट के बैहर थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई है। दरअसल, मुक्की रोड पर शुक्रवार को एक बाइक पेड़ से टकरा गई थी, जिसमें लगमा निवासी दर्शन पिता जगनसिंह मरकाम (35) गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। अस्पताल चौकी पुलिस को शुक्रवार दोपहर दर्शनसिंह की मौत की सूचना मिली। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया और फिर परिजनों को सौंप दिया। इस हादसे में बहादुर पिता लामूसिंह धुर्वे (40) भी घायल हुए हैं, जिनका जिला अस्पताल में इलाज जारी है। एक अन्य व्यक्ति राजेंद्र पुसाम को मामूली चोटें आई हैं। मृतक दर्शनसिंह के पुत्र अशोक मरकाम ने बताया कि उनके पिता लगमा से अपने दोस्तों को लेने बैहर गए थे। घर लौटते समय उनकी मोटरसाइकिल पेड़ से टकरा गई।

# पीएम श्री शास. उच्च माध्य.विद्यालय माटे में मनाया प्रवेश उत्सव

## साइकिल एवं पाठ्य-पुस्तक का भी किया वितरण





हरिभूमि न्यूज बालाघाट ।

पीएम श्री शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय माटे में नए शैक्षणिक सत्र के अवसर पर प्रवेश उत्सव एवं साइकिल व निःशुल्क पाठ्य-पुस्तक वितरण कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा अभिभावक उपस्थित रहे।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री भुवन सिंह रहांगडाले (उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत किरनापुर), श्री योगराज भास्कर (सभापति, निर्माण समिति जनपद पंचायत किरनापुर), श्री केशो कुमार बिसेन (पूर्व जनपद सदस्य), श्री छबीलाल खरे (पूर्व सरपंच), श्री डूलेश पांचे, श्री राधेकिशन खरे एवं मनोज खोबरागडे सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।इस अवसर पर नवप्रवेशित विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया तथा शासन की योजना के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को साइकिलों का वितरण किया गया। साथ ही विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य-पुस्तकें प्रदान की गईं। अतिथियों ने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन करने, अनुशासन का पालन करने और शिक्षा के माध्यम से अपने उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करने के लिए प्रेरित किया।विद्यालय परिवार द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्री श्यामकरण पटले समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं लगभग 200 छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। अंत में सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

# इको क्लब द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



शासकीय अरण्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैहर में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो बी एल चौहान के निर्देशानुसार इको क्लब के माध्यम से एक दिवसीय कार्यशाला विषय पर्यावरण जागरूकता पर आयोजित किया गया इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्री भोलाराम पदम (SDO) कान्हा रेंज बैहर में पी पी टी के माध्यम की सहायता पर्यावरण व जैवविविधता अधिनियम 2022 तथा पानी मिट्टी एवं हवा आदि को हम अपने स्तर पर किस तरह साफ सुथरा रख सकते है घरों के अंदर लकड़ी के स्थान पर गैस मच्छर अगरबत्ती के स्थान पर मच्छरदानी का उपयोग एवं धूम्रपान को पूरी तरह निषेध को रोककर पर्यावरन को पूरी तरह से प्रदूषित होने से बचा सकते है विशेष अतिथि श्रीमती संध्या देशकर ( आर ओ) कान्हा रेंज बैहर ने ध्वनि प्रदूषण के रोकथाम के उपाय बताए एवं महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो रंजना कुशराम ने विद्यार्थियों को हवा जल पानी ध्वनि एवं सिंगल उपयोग पॉलीथिन प्लास्टिक आदि पर्यावरण नियंत्रण की बात कही तथा महाविद्यालय से प्रो डा सुरेंद्र कुमार सोनवाने , डा आरती धूपकारीय , डा राजेश्वरी त्रिपाठी , श्रीमति प्रिया चौहान श्रीमती के एस चौहान तथा महाविद्यालय के 89 छात्रों ने कार्यशाला में भाग लिया कार्यक्रमों में उपस्थित सभी अतिथि को एक पौधा और म्यूमेंटो देकर सम्मानित एवं मुख्य अतिथि द्वारा इको क्लब के सभी साथियों को कैप देकर सम्मानित किया गया इस अवसर पर इको क्लब गार्डन पौधा रोपण किया गया इस अवसर में इको क्लब के कार्यक्रम अधिकारी डॉ बी एस बरेला प्राणिशास्त्र ने उपस्थित मेहमानों व छात्रों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया।

# संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत सांदीपनि विद्यालय में जिला स्तरीय शिविर का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की पहल पर सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में पात्र लोगों तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए संकल्प से समाधान अभियान चलाया गया है। इस अभियान के समापन अवसर पर 03 अप्रैल को सांदीपनि विद्यालय बालाघाट में जिला स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया।

बालाघाट-सिवनी लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती भारती पारधी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस कार्यक्रम में पिछड़ा वर्ग आयोग की सदस्य श्रीमती मौसम बिसेन, कलेक्टर श्री मृणाल मीना, नगर पालिका बालाघाट की अध्यक्ष श्रीमती भारती सुरजीत सिंह ठाकुर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ, अपर कलेक्टर श्री जी एस धुर्वे, श्री डी पी बर्मन, संयुक्त कलेक्टर श्री एम आर कोल, श्री राहुल नायक, डिप्टी कलेक्टर श्री प्रदीप कौरव, नगर पालिका के पार्षद एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया गया।




कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सांसद श्रीमती भारती पारधी ने कार्यक्रम में उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश की सरकार द्वारा अंतिम छोर के व्यक्ति को ध्यान में रखकर योजनायें बनायी जा रही है। इन योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के लिए संकल्प से समाधान अभियान चलाया गया है। जब हम संकल्प कर लेते हैं तो उस समस्या का समाधान अवश्य होता है। संकल्प से समाधान अभियान भी अपने नाम के अनुरूप पात्र लोगों तक शासन की योजनाओं से लाभांवित करने का माध्याम बना है। बालाघाट जिला शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रदेश एवं देश में अग्रणी रहा है। इसके लिए बालाघाट का जिला प्रशासन एवं उसका नेतृत्व सराहना का पात्र है। आज भी इस शिविर के माध्यम से आवास योजना, पेंशन योजना एवं स्वनिधि योजना का लाभ दिया गया है। सांसद श्रीमती पारधी ने प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना में कुछ लोगों के नाम काटे जाने की ओर ध्यान आकर्षित कराते हुए कहा कि इस समस्या पर संज्ञान लेकर उसका निराकरण किया जाये।

कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने शिविर के प्रारंभ में बताया कि संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम पंचायत स्तर एवं शहरी क्षेत्र में वार्ड स्तर पर शिविर लगाकर 20 विभागों की 106 सेवाओं का पात्र लोगों का लाभ दिया गया है। जिन लोगों को योजना का लाभ नहीं मिला था, उनसे आवेदन लेकर उनका परीक्षण कराया गया है और पात्रता पाये जाने पर उन्हें योजना का लाभ दिलाया गया है। बालाघाट जिले में इस अभियान के अंतर्गत लगभग 74 हजार आवेदन प्राप्त किये गये हैं, इनमें से 95 प्रतिशत आवेदनों का निराकरण कर दिया गया है। इस अभियान के शिविरों में लर्निंग लायसेंस बनाने, नामांतरण, बंटवारा, नक्शा बटांकन, पेंशन संबंधी योजनाओं के आवेदनों का निराकरण किया गया है।

कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत रानी फुलसुंघे, ममता लिल्हारे, अनिल राहंगडाले, रजनी सोनिले को 50-50 हजार एवं प्रिया सिंगरे को 25 हजार रुपए की ऋण राशि के चेक प्रदान किये गए। सरस्वती को राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना, वर्षा पालेवार, गायत्री टेम्भरे एवं रामकली को कल्याणी पेंशन योजना, संध्या बिसेन, प्रदीप गाडेश्वर, राकेश वर्मा, पुष्पा राहंगडाले, वासुदेव लिल्हारे, खिलेश मानेश्वर, अनिता सोनेकर, रजनी सोनेकर को प्रधानमंत्री आवास एवं राधिका मंडेला को संबल योजना में 04 लाख रुपए की अनुग्रह राशि स्वीकृति का पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में राजिक खान को विवाह प्रमाण पत्र तथा राजस्व विभाग द्वारा नामांतरण फौती दर्ज एवं बटवारा संबंधी स्वीकृति पत्र प्रदान किये गए।

# जल जीवन मिशन से बदली चिचगांव की तस्वीर

**बालाघाट**। बालाघाट जिले की ग्राम पंचायत चिचगाँव में जल जीवन मिशन के तहत निर्मित पानी की टंकी ने ग्रामीणों की बड़ी समस्या का समाधान कर दिया है। अब गांव के हर घर में नल के माध्यम से नियमित रूप से पानी उपलब्ध हो रहा है, जिससे लोगों को दूर-दराज से पानी लाने की परेशानी से मुक्ति मिल गई है। ग्राम की निवासी श्रीमती गीता रनगिरे ने बताया कि पहले उन्हें प्रतिदिन लंबी दूरी तय कर पानी लाना पड़ता था, जिससे समय और श्रम दोनों की बर्बादी होती थी। लेकिन अब घर-घर नल कनेक्शन मिलने से यह समस्या पूरी तरह समाप्त हो गई है और जीवन पहले की अपेक्षा अधिक आसान एवं सुविधाजनक हो गया है। जल जीवन मिशन के इस प्रयास से विशेष रूप से महिलाओं को राहत मिली है। पानी लाने में लगने वाला समय अब अन्य घरेलू कार्यों और परिवार की देखभाल में उपयोग हो रहा है, जिससे उनके जीवन में सुकून और सहजता आई है। ग्रामीणों ने इस योजना के लिए शासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता से स्वास्थ्य स्तर में भी सुधार हो रहा है।



### कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति को लेकर प्रशासन सख्त

**बालाघाट**। जिले में कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति को लेकर प्रशासन ने स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए हैं। वर्तमान वैश्विक भू- राजनीतिक परिस्थितियों और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के निर्देशों के पालन में राज्य शासन ने एलपीजी सिलेंडरों के वितरण के लिए प्राथमिकता क्रम तय किया है। जिला आपूर्ति अधिकारी श्री आरके ठाकुर ने बताया कि शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों एवं प्राप्त मांग के आधार पर ही कमर्शियल तथा एग्जेमटेड कैटेगरी के गैस सिलेंडरों की आपूर्ति की जाएगी। इस संबंध में सभी संबंधित एजेंसियों और वितरकों को निर्देशित किया गया है कि वे ऑयल कंपनियों के दिशा-निर्देशों के अनुसार ही पात्र कनेक्शनधारियों को गैस सिलेंडर उपलब्ध कराएं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया है कि नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसी प्रकार की अनियमितता न हो और आवश्यक सेवाओं को प्राथमिकता के आधार पर गैस उपलब्ध हो सके।

# लापरवाही-पाइप लाइन क्षतिग्रस्त : अस्पताल कॉलोनी में टैंकर से हो रही पानी की सप्लाई

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

बिना पाइप लाइन का विस्थापन कराएं सरकारी अस्पताल की नई इमारत का निर्माण कार्य शुरू होने का दंश अब अस्पताल कॉलोनी में निवास करने वाले करीब दो दर्जन से भी अधिक परिवारों को झेलना पड़ रहा है। भीषण गर्मी के बीच यहां के रहवासियों को पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल पा रहा है। बीते दो दिनों से स्थानीय रहवासी पानी की समस्या से जूझ रहे है। यहां के रहवासियों को पीने के पानी से लेकर दैनिक उपयोग के पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है। हालांकि नगर परिषद ने टैंकरों से पानी की सप्लाई की वैकल्पिक व्यवस्था बनाई है। स्थानीय रहवासियों को आरोप है कि बावजूद इसके उन्हें पर्याप्त मात्रा में उपयोग के लिए पानी नहीं मिल पा रहा है। अभी गर्मी के सीजन में पानी की खपत अधिक होती है किंतु नगर परिषद उतना पानी नहीं दे रही है। दरअसल, अस्पताल कॉलोनी में यह समस्या अस्पताल की इमारत का निर्माण करने वाले ठेकेदार और नगर परिषद की घोर लापरवाही की वजह से निर्मित हुई है। अस्पताल कॉलोनी की पाइप लाइन का विस्थापन किए बिना ही ठेकेदार ने अस्पताल की इमारत का निर्माण शुरू कर दिया। बुधवार की सुबह जैसे ही एक कॉलम खुदाई के लिए जेसीबी से गड्ढा खोदा गया। पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गई और तब से रहवासियों को पानी नहीं मिल रहा है। बताया जा रहा है कि अब जब तक अस्पताल की नई इमारत का निर्माण नहीं होता तब तक नगर परिषद अस्पताल कॉलोनी में टैंकरों से ही पानी की सप्लाई करेगी। स्थानीय रहवासियों का कहना है कि अगर ऐसा ही हाल रहा तो वह परेशान हो जाएंगे क्योंकि गर्मी के दिनों में सभी के घरों में दिन-रात कूलर चलते है जिसमें पानी की खपत होती है। वहीं अन्य दैनिक कार्यो के लिए भी बड़ी मात्रा में पानी का उपयोग होता है। रहवासियों ने बताया कि टैकरों से मिलने वाले पानी का उपयोग केवल दैनिक कार्यों के लिए किया जा रहा हैं क्योंकि टैंकरों की नियमित साफ-सफाई नहीं होती। टैंकरों से मिलने वाला पानी भले ही ट्यूबवेल से आ रहा है किंतु टैंकरों से मिलने वाले पानी की गुणवत्ता पर रहवासी सवाल उठा रहे है। ऐसे में उन्होंने आरओ के कैन खरीदने शुरू कर दिए है। रहवासियों ने नगर परिषद से तत्काल पाइप लाइन का विस्थापन करने की मांग की है ताकि पूर्ववत ही पानी की निर्बाध तरीके से पानी की सप्लाई जा रही रहे।



## विद्यार्थियों को वितरित किए गए बैग, साइकिल व स्टेशनरी सामग्री

# झाड़गाँव पीएम श्री विद्यालय में मनाया गया प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

जनपद पंचायत वारासिवनी के अंतर्गत ग्राम पंचायत झाड़गाँव में स्थित एकीकृत पी एम श्री शासकीय हाई स्कूल झाड़गाँव में प्रवेश उत्सव के अवसर पर बेहद प्रेरक दृश्य देखने को मिला। विद्यालय प्रांगण में ऐलीगेन्ट इंडिया परिवार ने सामाजिक जिम्मेदारी और मानवीय संवेदना से ओत-प्रोत एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। यह कार्यक्रम भाग्येस जी एवं स्मृति जी की स्मृति में, हमारी प्रिय दीदी लिलेश सोनेजी और मनोरमा सोनेजी द्वारा संचालित किया गया।



आज का दिन बच्चों के लिए उत्साह, ऊर्जा और उमंग से भरा रहा। नर्सरी से लेकर कक्षा दसवी तक के सभी विद्यार्थियों को निःशुल्क स्कूल बैग और स्टेशनरी किट तथा शासन द्वारा निःशुल्क साइकिल, निःशुल्क पुस्तक प्रदान की गई। बच्चों की चमकती आँखें, मासूम मुस्कान और शिक्षा के प्रति जागी नई प्रेरणा ने कार्यक्रम को विशेष और सफल बना दिया।इस पहल के अंतर्गत कुल 291 छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ आवश्यक शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई। इसके बाद ऐलीगेन्ट इंडिया परिवार द्वारा बच्चों के लिए विशेष भोजन की व्यवस्था की गई, जिसमें खीर, पूरी, चना और आलू की सब्जी का स्वादिष्ट भोज परोसा गया।, जिसने भाईचारे, आनंद और एकता की भावना को और मजबूत किया।कार्यक्रम संयोजक पी एल लीलहारे सेवानिवृत्त एसडीओ कृषि विभाग ने बताया कि ग्राम झाड़गाँव के इस विद्यालय में 291 छात्र-छात्राओं को निःशुल्क बैग एवं स्टेशनरी किट प्रदान कर उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा दी गई है। कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती भाग्यश्री पवन चीखले, मुख्य अतिथि कमल किशोर गराड़े सदस्य जनपद पंचायत वारासिवनी, विशेष अतिथि श्री बी.के. चौधरी सेवानिवृत्त शिक्षक, संरक्षक विरेन्द्र कुमार बनोंते विकासखंड शिक्षा अधिकारी वारासिवनी , विद्यालय के प्राचार्य धर्मेंद्र कुमार डोंगरे , शिक्षकगण — सुनिता नगपुरे , शीला उइके , केशोंराम भलावे, जितेंद्र कुमार चौरागड़े, आरती डोंगरे ,राजेन्द्र कटरे , भागचंद चौहान,बाबूलाल पालेवार , नीता राहंगडाले ,योगराज डोहरे , विमल पंचेश्वर,रामेश्वर उपवंशी ,मोहिनी बिसेन, मोनिका दसेरिया,रोशनी दमाहे की उपस्थिति में हुआ।कार्यक्रम के समापन पर प्राचार्य धर्मेंद्र कुमार डोंगरे एवं सभी शिक्षक -शिक्षिकाओं ने ऐलीगेन्ट इंडिया परिवार के प्रति हृदय से धन्यवाद व्यक्त किया। बच्चों की खुशी, उनके चेहरे पर चमक और उनका उत्साह इस कार्यक्रम की असली उपलब्धि बनकर सामने आया।आज का यह प्रयास केवल सामग्री वितरण तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह ज्ञान, उम्मीद और सामाजिक संवेदनशीलता का एक शुभ उत्सव बन गया।